# SARVASIKSHA ABHIYAN NELLORE

**QUARTERLY EXAMS SEP 2019-20**

**Second Language – HINDI**

**CLASS : X** **( MAX.MARKS :100 )** **TIME:-3.15 Mt**

**सूचना :** 1.प्रश्न पत्र पढने के लिए 15 मिनट का समय निर्धारित है ।

2.सभी प्रश्न के उत्तर उत्तर - पुस्तिका में ही लिखें

3.प्रश्न पत्र में चार भाग हैं ।

**I.निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए । 12x1=12**

1.आकाश में चंद्र और नक्षत्र हैं । ( रेखांकित शब्द का तद्भव रूप क्या है ? )

2.हामिद ऊपर बैठा है । ( इसमें क्रिया विशेषण शब्द क्या है ?)

3. 1977 -------- हिंदी अक्षरों में लिखिए ।

4.हिंदी ........माँग आज विश्व भर में बढ गयी है । ( उचित कारक चिह्न से भरिए )

5.नर समाज का भाग्य श्रम और भुजबल है। ( रेखांकित शब्द का समास लिखिए )

6.प्रत्येक व्यक्ति को अनुशासन का पालन करना है। ( रेखांकित शब्द का संधि विच्छेद कीजिए।)

7.जो कहानियाँ लिखते है..........( इस वाक्य को एक शब्द में लिखिए )

8. मन को छू लेना ...इस मुहावरा का अर्थ क्या है ?

9. लेखक कल्पनिक रूप से गीत लिखते हैं । ( लिंग बदलकर वाक्य फिर से लिखिए )

10.हमारे भारत में एक भाषा बोली जाती है। ( वचन बदलकर वाक्य फिर से लिखिए ।

11.सुधीर कविताएँ लिखेगा । ( इस वाक्य को भूतकाल में बदलकर लिखिए )

12.मैं मेरे पिताजी के साथ जा रहा हूँ । ( इस वाक्य को शुद्ध रूप में लिखिए )

**प्रश्न संख्या 13 से 18 तक देये गये पद्यांश, गद्यांश एवं विज्ञापनों को पढकर, निर्देश के अनुसार उत्तर दीजिए । प्रत्येक प्रश्न केलिए चार अंक निर्धारित है।**

**13. निम्नलिखित गद्यांश पढकर उत्तर अनुच्छेद में से ही पहचानकर लिखिए । 1x4=4**

लोकगीतों के वास्तव में अनंत प्रकार के हैं। जीवन जहाँ इठला- इठलाकर लहराता है, वहाँ भला आनंद के स्रोतों की कमी हो सकती है? उद्दाम जीवन के ही वहाँ के अनंत संख्यक गाने के प्रतीक हैं।

**प्रश्न :**अ). भला ..... इस शब्द का पर्यायवाची शब्द क्या है ?

आ) वास्तव... इसका विलोमशब्द पहचान कर लिखिए ।

इ) लोकगीत ...में उपसर्ग क्या है ?

ई) कमी ....इस शब्द में प्रत्यय क्या है ?

**14. निम्नलिखित गद्यांश पढकर दिये गये प्रश्नों का उत्तर एक वाक्य में लिखिए। 1x4=4**

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में देश को एकता के सूत्र में बाँधने के लिए एक भाषा की आवश्यकता हुई । यह हिंदी से ही साध्य हो सका । आज हमें एक से अधिक भाषाएँ सीखना जरूरी है । जिनमें हिंदी और अंग्रेजी का स्थान महत्वपूर्ण है । हिंदी से हम सारे भारत की पहचान अच्छी तरह से कर सकते हैं ।भारत के अलग अलग प्राँतों में अलग अलग भाषाएँ बोली जाती है । हमें सारे भारत के सभी प्रांतों से जुडने के लिए एक भाषा की आवश्यकता होती है जिसे भारत के वासी जानते हैं ।

**प्रश्न ::**1.एक भाषा की आवश्यता कब उत्पन्न हुई है ?

2.अब हमें कितनी भाषाएँ सीखनी चाहिए ?

3.भारती की पहचान किस भाषा में है ?

4.आवशयकता ...इस शब्द का विलोम शब्द क्या है?

**15. निम्नलिखित गद्यांश पढकर दिये गये प्रश्नों का उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए 1X4=4**

रविवार का दिन था। श्रीमती स्टो गिरिजाघर गयी हुई थी और वहाँ धर्मोपदेश सुन रही थी कि एक साथ उनकेमन में पुस्तक प्रारंभ कर देने की प्रेरणा उत्पन्न हुई और उन्होंने पहला अध्याय वही पर बैठे-बैठे लिख डाला। फिरउन्होंने वह अध्याय अपने बच्चों को सुनाया जिसे सुनकर बच्चों की आँखों से आँसू टप-टप गिरने लगे। इतने में श्रीमती स्टो के पतिदेव भी आ गये।

**प्रश्न ::** अ) कौन-सा दिन था ?

A) सोमवार B) शनिवार C) रविवार D) मंगलवार

आ) श्रीमती स्टो कहाँ गयी हुई थी ?

A) गिरिजाघर B) मंदिर C) मसजिद D) सिनेमा

इ) श्रीमती स्टो के मन में क्या प्रारंभ कर देने की प्रेरणा उत्पन्न हुई ?

A) घर B) पुस्तक C) यात्रा D) अध्याय

ई) किनकी आँखों से आँसू टप-टप गिरने लगे ?

A) स्टो B) पति C) बच्चों D) फादर

**16. निम्नलिखित पद्यांश पढकर दिये गये प्रश्नों का उत्तर एक वाक्य में लिखिए। 1X4=4**

उलझन में उलझे लोगों को तथ्य दीप समझायेंगे।
भटक रहे जो जीवन पथ से, उनको राह दिखायेंगे।।
हम खुशियों के दीप जला, जीवन ज्योत जलायेंगे।
हम भारतवासी दुनियाँ को पावन धाम बनायेंगे।

**प्रश्न ::** अ) कष्टों में फँसे हुए लोगों को क्या समझाना है?

आ) जीवन पथ से भटकने वालों को क्या दिखाना है ?

इ) जीवन ज्योत कब जलायेंगे ?

ई). पावन ...... इस शब्द का विलोम शब्द क्या है ?

**17. निम्नलिखित पद्यांश पढकर दिये गये प्रश्नों का उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए 1X4=4**

मैडम तो हैं सीधी - सादी, लेकिन बच्चे नटखट हैं।
बडे प्यार के साथ पढातीं, सब को खेल खिलाती हैं।
खेल- खेल में तरह की, बातें हमें सिखाती हैं।
पकड पकड कर बिठलातीं जब, बच्चे करते खट-पट हैं।
मैडम तो हैं सीधी - सादी, लेकिन बच्चे नटखट हैं।

**प्रश्न ::** अ.मैडम सीधी - सादे हो तो बच्चे कैसे हैं?

A) टिप टाप B) सीधी-सादी C)नट खट D) गड बिड

आ).नटखट शब्द का अर्थ क्या है ?

A) जिद  B) चोर  C)घमंड  D) नादान

इ)मैडम जी कैसी पढाती हैं?

A) गर्व से  B) अहंकार से  C )प्यार से  D) शर्मिंदा से

ई)मैडम किस तरह सिखाती हैं ?

A) तरह तरह से  B ) विभिन्न खेलों से इ) गाते गाते  D) पकड पकड

**18. निम्नलिखित विज्ञापन पढकर दिये गये प्रश्नों का उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए 1x4=4**




**प्रश्न ::** अ) यह विज्ञापन किस संस्था के माध्यम से मुद्रित किये है?

A) अमूल  B) एमूल  C) वसूल  D) ओमूल

आ) इस विज्ञापन में किनके बारे में बताया गया है ?

A ) गाय का दूध  B) भैंस का दूध  C) बकरी का दूध  D) पक्षी का दूध

इ) इस  उत्पादक का धाम कितना है ?

A ) 20  B)  21  C)  25  D)  22

ई) गाय के दूध की खूबियों का क्या लेना है ?

A) दुर्गंध  B) स्वाद  C) मीठापन  D) रोग

## II.प्रत्येक प्रश्न का उत्तर छह पंक्तियों में लिखिए ।  2x4=8

19.श्रमिक के बारे में दिनकर जी ने क्या कहा ?

20.वर्षा के समय प्रकृति कैसी होती है ? कवि की बातों में लिखिए ।

**III. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए ।** 8X2=16

21.चिमटा देख कर दादी अम्मा ने क्या कहा ?

22.कुछ देहाती लोकगीतों के नाम लिखिए ।

23.भारत के अलावा किन-किन देशों में हिंदी सीख रहे हैं ?

24.विश्व में किस तरह की बगिया से महकाना है ?

25.धाराओं पर धाराएँ झरती धरती पर ....इसका भाव क्या है ?

26.शांति की परिभाषा क्या हो सकती है ?

27.मदर तेरेसा ने अपने जीवन में क्या सिद्ध कर दिखाया है ?

28.अरुणा व चित्रा दोनों के स्वभाव के बारे में दो वाक्यों में लिखिए ।

**IV. निम्न लिखित निबंधात्मक प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए ।**

**अ) किसी एक प्रश्न का उत्तर** 12 -15 **पंक्तियों में लिखिए ।** 1X8=8

29.विश्वबंधुत्व की भावना भारतीयों में हैं । इसपर विवरण देते हुए हम भारतवासी कविता का सारांश अपने शब्दों में लिखिए ।

30.कण कण का अधिकारी श्रमिक है । कवि ने ऐसा क्यों कहा होगा ? अपने शब्दों में लिखिए।

**आ) किसी एक प्रश्न का उत्तर** 12 -15 **पंक्तियों में लिखिए ।** 1X8=8

31.ईदगाह कहानी का सारांश अपने शब्दों में लिखिए ।

32.लोकगीत उद्दाम जीवन के प्रतीक हैं । इस पर अपना विचार लिखिए ।

**इ) संकेत शब्दों के आधार पर कहानी लिखिए ।** 1X8=8

33. एक गरीब - लकडहारा - लकडियाँ - पैसे कमाता - नदी के किनारे - कुल्हाडी - नदी में गिर गयी - भगवान - सोने की - लोहे की -ईमानदारी - तीनों कुल्हाडी - प्रदान - भगवान चलगया - ईमानदारी सफलता की कुंजी है।

**ई) किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए ।** 1X8=8

34.कालेज में प्रवेश पाने के लिए अनुमति माँगते हुए प्राचार्य के नाम पर पत्र लिखिए ।

35.आवश्यक पुस्तकें खरीदने के लिए पिताजी से पैसे माँगते हुए पत्र लिखिए ।

**उ) किसी एक विषय पर निबंध लिखिए ।** 1X8=8

36.देश का उज्वल भविष्य **हरियाली व सफाई** से ही संभव है । इस कथन पर निबंध लिखिए ।

37.**अनुशासनहीन व्यक्ति पशु के समान है** । इस कथन का समर्थ करते हुए निबंध लिखिए ।